हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 27 जून 2025
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



## खबर संक्षेप

### जोकारी में लगाया गया नया ट्रांसफारमर

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर ग्राम जोकारी में विद्युत आपूर्ति पुनः शुरू हो गई है। कुनकुरी तहसील के ग्राम जोकारी के वार्ड क्रमांक 8 में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर तत्काल समाधान की मांग की थी। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा ग्राम में नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। इससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है।

### जिले में अब तक 2456.1 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 2456.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 26 जून तक की स्थिति में 1221.9 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 84.3 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 272.0 मिमी, मनोरा में 352.9 मिमी, कुनकुरी में 298.5 मिमी, दुलदुला में 156.1 मिमी, फरसाबहार में 192.2 मिमी, बगीचा में 249.5 मिमी, कांसाबेल में 282.5 मिमी, पत्थलगांव में 170.5 मिमी, सन्ना में 339.0 मिमी एवं बागबहार में 136.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में दर्ज की गई है।

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 3 जुलाई तक

**जशपुरनगर।** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति छात्र-छात्राओं के लिए सीबीएसई पाठ्यक्रम अंग्रेजी माध्यम से जिले के 6 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। आदिम जाति कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्र 2025-26 में कक्षा 7वीं, 8वीं. 9वीं, एवं 11वीं तक के रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई 2025 को किया जाना है। इस परीक्षा के लिये अनुसूचित जनजाति के पात्र विद्यार्थियों से आवेदन पत्र 3 जुलाई 2025 तक आंमत्रित किया गया है।

### ऑडिटोरियम निर्माण के लिए 6.76 करोड़ की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** नगर पालिका जशपुर में अधोसंरचना विकास योजनांतर्गत वार्ड क्रमांक 16 में ऑडिटोरियम निर्माण हेतु 6 करोड़ 76 लाख 55 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ऑडिटोरियम निर्माण होने से आम लोगों को सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक सुव्यवस्थित मंच प्राप्त होगा। यहाँ विभिन्न प्रकार के आयोजन जैसे नाटक, संगोष्ठी, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं सरकारी कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा सकेगा। इससे प्रतिभाओं को अपनी कला और विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलेगा।

### 1.30 करोड़ के डोडा चूरा और पोस्त की तस्करी मामले में दो गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** 1.30 करोड़ रूपए का डोडा पोस्ट और चूरा बरामद करने के मामले में बलरामपुर जिले की बसंतपुर पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है। पुलिस ने राजस्थान से ट्रक मालिक और चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी झारखंड के रांची से डोडा पोस्ट और चूरा लेकर राजस्थान जा रहे थे। आरोपी इसके पहले भी चार बार इस तरह की तस्करी कर चुके थे लेकिन इस बार पुलिस ने उन्हें पकड लिया। बता दें कि आईजी दीपक झा और एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान के दौरान धनवार आरटीओ बेरियर चेकिंग की जा रही थी। इस चेकिंग के दौरान 8 जून को पुलिस ने बेरियर के समीप संदिग्ध रूप से खड़े ट्रक की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गये। ट्रक में 90 बोरियों में डोडा पोस्त और डोडा चूरा भरा हुआ था। मौके से टीम ने कुल 14 क्विंटल 44 किलोग्राम डोडा पोस्त और डोडा चूरा बरामद किया था जिसकी कीमत 1 करोड़ 30 लाख रुपए आंकी गई थी।

# पारिवारिक विवाद में हैवान बना बेटा और दामाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। बागबहार थाना क्षेत्र के ग्राम खाड़ामाचा में एक बेटे और दामाद ने मिलकर पिता की डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। इलाज के दौरान 55 वर्षीय आनंद सिंह पैंकरा की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### घरेलू विवाद बना कारण

22 जून की दोपहर लगभग 12 बजे घर में उस वक्त विवाद शुरू हुआ जब आनंद सिंह की बेटी गीता पैंकरा और उसके पति रोहित पैंकरा (दामाद) के बीच किसी घरेलू बात को लेकर झगड़ा हो रहा था। रोहित गीता से मारपीट कर रहा था। यह सब देखकर पिता आनंद सिंह बीच-बचाव करने पहुंचे और बोला मेरी बेटी को मत मारो।



पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी बेटा व दामाद।

### बेटा व दामाद ने किया हमला

पिता की यह बात बेटे सुनील पैंकरा 19 वर्ष को नागवार गुजरी। उसने गुस्से में आकर पास रखे डंडे से पिता के सिर पर जोरदार वार कर दिया। इतने में दामाद रोहित पैंकरा 32 वर्ष ने भी घर में रखा दूसरा डंडा उठाया और ससुर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल आनंद सिंह को जिला अस्पताल रायगढ़ ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### पोस्टमार्टम में हुआ खुलासा

रायगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टर की रिपोर्ट में सिर में लगी गंभीर चोट को मौत का कारण बताया गया। चूंकि घटना जशपुर जिले के अंतर्गत हुई थी, इसलिए केस थाना बागबहार को सौंपा गया।बागबहार पुलिस ने तत्काल बीएनएस की धारा 103(1), 3(5) के तहत हत्या का केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त दोनों लकड़ी के डंडे भी जब्त कर लिया है।

### पुलिस टीम की तत्परता

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले किमजांच एवं विवेचना शुरू की ,जांच में थाना प्रभारी अशोक शर्मा, सहा. उप निरीक्षक नारायण साहू, आरक्षक राजेंद्र रात्रे, फुलजेंस टोप्पो और नगर सैनिक लालसाय की अहम भूमिका रही।

### आरोपी भेजे गए जेल

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि यह हृदय विदारक पारिवारिक घटना है, जिसमें मृतक के ही बेटे और दामाद ने उसकी हत्या कर दी। दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## मंदिर के नजदीक बने प्राचीन कुंए का जीर्णोद्धार करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने किया कस्तूरा के प्रभु जगन्नाथ मंदिर का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को दुलदुला विकास खंड के ग्राम कस्तूरा में प्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर का अवलोकन किया और मंदिर के कुछ ही दूरी पर स्थित प्राचीन कुआं का जीर्णोद्धार करने के निर्देश दिए हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष कर्णपाल सिंह ने बाजार डांड के लिए सीसी रोड बनवाने की मांग की जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

■ लगभग 250 वर्ष प्राचीन मंदिर की देखभाल बाला जी ट्रस्ट द्वारा किया जाता है

इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, एसडीएम कुनकुरी नन्द पांडे जनपद पंचायत सीईओ कुनकुरी और तहसीलदार राहुल कौशिक उपस्थित थे। कस्तूरा के प्रभु जगन्नाथ मंदिर के पंडित मुकेश कुमार दास ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्तूरा का मंदिर लगभग 200 से 250 साल पुराना प्राचीन मंदिर है। राज परिवार जशपुर के द्वारा पूर्वजों से इस मंदिर की पूजा अर्चना के साथ संरक्षित किया जा रहा है। कस्तूरा प्रभु जगन्नाथ मंदिर की आस्था लोगों से जुड़ी हुई है। लगभग 250 साल से ही कस्तूरा से रथयात्रा प्रति वर्ष निकाली जाती है। मंदिर के पुजारी मुकेश कुमार दास ने बताया कि मंदिर की देखरेख और संरक्षण के लिए श्रीबाला जी ट्रस्ट बनाया गया है। ट्रस्ट के द्वारा जशपर के 5 मंदिर दुलदुला विकास खंड चराई डांड का एक मंदिर और कस्तूरा का 1 मंदिर कुल 7 मंदिर का देखरेख और संरक्षण संवर्धन किया जा रहा है। पंडित जी का परिवार पूर्वजों से इस मंदिर की पूजा अर्चना करते हुए आ रही है। कस्तूरा से रथयात्रा ज्येष्ठ पूर्णिमा में प्रभु जगन्नाथ भगवान ,बलभद्र और सुभद्रा जी का देव स्नान कराया जाता है। इस दौरान 15 दिनों के लिए मंदिर में दर्शन वर्जित रहता है। क्यों प्रभु जगन्नाथ भगवान बीमार पड़ जाते हैं। प्रभु जगन्नाथ भगवान को बैंगा के संरक्षण में रखा जाता है। उनकी देखरेख में जड़ी बूटी आयुर्वेद पद्धति से प्रभु को ठीक किया जाता है। उन्होंने ने बताया कि तत्पश्चात नेत्र उत्सव मनाया जाता है। प्रभु जगन्नाथ भगवान, बलभद्र जी और सुभद्रा जी को स्नान कराया जाता है। तत्पश्चात विधी विधान और मंत्रोच्चार से प्रभु जगन्नाथ भगवान बलभद्र और सुभद्रा जी की रथयात्रा निकाली जाती है। और मौसी बाड़ी में प्रभु जगन्नाथ भगवान को रखा जाता है। मौसी बाड़ी में 9 दिन रखा जाता है और 10 दिन बाद प्रभु जगन्नाथ भगवान बलभद्र और सुभद्रा जी का रथ अपने मौसी के यहां से वापस आता है और प्रभु श्री जगन्नाथ भगवान, बलभद्र जी और सुभद्रा जी को मंदिर में स्थापित किया जाता है।



मंदिर के समीप तालाब का अवलोकन करते कलेक्टर।

# महुआ शराब की तस्करी का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ टाटा सूमो में छिपाकर ला रहा था 30 लीटर कच्ची शराब

ऑपरेशन 'आघात' के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। मनोरा चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक टाटा सूमो से 30 लीटर अवैध देसी कच्ची महुआ शराब बरामद की है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। घटना सोमवार 24 जून की है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि एक लाल रंग की टाटा सूमो क्रमांक जेएच 01 बीपी-8548 में झारखंड से देसी महुआ शराब भरकर जशपुर की ओर ले जाई जा रही है।सूचना मिलते ही चौकी मनोरा पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को मामले से अवगत कराया और उनके निर्देश पर ग्राम खरसोता के पास नाकाबंदी की गई।

**दुर्घटनाग्रस्त हुई गाड़ी:** नाकाबंदी के दौरान जैसे ही संदिग्ध वाहन आता दिखा, पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन चालक गाड़ी की रफ्तार बढ़ाकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया और कुछ ही दूरी पर मनोरा गड़ियोटोली के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।चालक को हल्की चोटें आईं। उसे तुरंत अस्पताल भिजवाया गया और वाहन की तलाशी ली गई।

**छुपाकर रखा था शराब:** जांच में गाड़ी की सीट के नीचे रखे 5 जरकिन में कुल 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुंताज अंसारी 40 वर्ष, निवासी जवाहरनगर, थाना कुसमी, जिला बलरामपुर बताया। उसने कबूला कि वह शराब गोविंदपुर, झारखंड से खरीदकर कुसमी ले जा रहा था। उसके पास किसी तरह के वैध दस्तावेज नहीं थे।

**हो रही लगातार कार्रवाई:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जिले में नशे के कारोबार पर पूरी सख्ती बरती जा रही है। ऑपरेशन आघात के तहत तस्करी और बिक्री से जुड़े लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# जिला न्यायाधीश ने ली जागृति एवं संवाद सदस्यों की बैठक

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तीन दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में नालसा द्वारा जागृति, डॉन, संवाद, साथी एवं आशा योजना को लागू किया गया है एवं महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन से संबंधित हैंडबुक आवाज उठाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित हैंडबुक का प्रकाशन किया गया है।

जिसके तारतम्य में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्येन्द्र कुमार साहू के निर्देशानुसार जिला एवं तालुका स्तर पर जागृति, डॉन, संवाद, साथी एवं आशा इकाई का गठन किया गया है। प्रधान जिला न्यायाधीश की उपस्थिति एवं अध्यक्षता में जिले में नालसा योजना जागृति, डॉन, संवाद, साथी एवं आशा अंतर्गत गठित जागृति यूनिट, डॉन यूनिट, संवाद यूनिट, जिला साथी इकाई एवं आशा इकाई के सदस्यों का बैठक का आयोजन 26जून को जिला न्यायालय के सभाकक्ष में किया गया। अपने उद्बोधन में न्यायाधीश ने कहा गया कि आशा इकाई का मुख्य कार्य बाल विवाह की समस्या से निपटने के लिये एक संस्थागत ढांचा तैयार कर, बाल विवाह की प्रथा का उन्मूलन करना, पीडिताओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराते हुये समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। साथी इकाई का मुख्य कार्य बेसहारा बच्चों की पहचान करना, उनका आधार नामांकन कराना, विधिक सहायता प्रदान करना एवं शासन की अन्य लाभकारी योजनाओं से जोडना है। जागृति इकाई का मुख्य कार्य जमीनी स्तर पर निःशुल्क विधिक सहायता का प्रचार-प्रसार करना एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। डॉन इकाई का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं नशामुक्ति के संबंध में जागरूकता अभियान चलाना तथा नशे से पीडित व्यक्ति को नशे से मुक्ति हेतु नशा मुक्ति केन्द्र जाने हेतु प्रोत्साहित करना है। साथ ही नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाईन नंबर 1933 एवं 14446 एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 का प्रचार प्रसार करना, स्कूल कॉलेज, सडकों पर रहने वाले बच्चे, सेक्स वर्कर, जेल, किशोर गृह, केमिस्ट, ड्रग पीड़ित व्यक्ति एवं उनके परिवारों, आम जनता के मध्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है। ₹संवाद इकाई₹ का मुख्य कार्य जनजाति समुदाय क्षेत्रों की पहचान कर उनके मध्य विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है। कार्यक्रम में शैलेष अच्युत पटवर्धन, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश , कु श्वेता बघेल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रदीप कुमार साहू अपर कलेक्टर, श्रीमती मंजूलता बाज, उप पुलिस अधीक्षक,ओंकार यादव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती जयश्री राजपथने तहसीलदार , किशोर केरकेट्टा, सहायक संचालक, शिक्षा विभाग, चंद्रशेखर यादव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी , श्रीमती सरोज खलखो, सहायक संचालक योजना , योगेश्वर उपाध्याय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी व डॉ अबरार खान साईकोलॉलिस्ट सहित अन्य अधिकारी उपसस्थित थे।



जागृति व संवाद सदस्यों की बैठक लेते जिला न्यायाधीश।

# तबादले पर एसडीएम त्रिपाठी को दी गई विदाई

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव एसडीएम सुत्री आकांक्षा त्रिपाठी को उनके तबादले पर एक समारोह में बुधवार को विदाई दी गई। इस अवसर पर पत्थलगांव विकास खंड के समस्त विभाग प्रमुख, सभी तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी गण,शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने पिछले दो वर्षों से अपने कार्यकुशलता और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण से इस क्षेत्र में एक अमिट छाप छोड़ी है। उनके कार्यकाल के दौरान उनके सफल मार्गदर्शन में लोकसभा विधानसभा एवं त्रिस्तरीय चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का सफल संचालन, कानून-व्यवस्था में सुधार, जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सहित जनता की समस्याओं की त्वरित सुनवाई हुई है। उन्होंने न केवल प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया, बल्कि एक संवेदनशील और सहृदय अधिकारी के रूप में जनता के दिलों में भी अपनी विशेष जगह बनाई। इस अवसर पर सभी विभाग प्रमुखों ने एसडीएम के योगदान की सराहना करते हुए कहा,एसडीएम ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा और लगन से हम सभी के लिए एक मिसाल कायम की है, उनके जाने से हमें एक अभिभावक के खोने का दुख है। उन्होंने हमेशा हमारी सभी समस्याओं का समाधान निकाला और एक परिवार की तरह हम सब ने मिलकर कार्य किया। उनकी कमी हमें हमेशा खलेगी, लेकिन उनके द्वारा स्थापित उच्च मानदंड हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी ने अपने विदाई भाषण में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा,इस क्षेत्र की जनता और मेरी टीम का सहयोग मेरे लिए अविस्मरणीय है। मैंने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया और आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए मैं हृदय से आभारी हूं। समारोह के अंत में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रियंका रानी गुप्ता द्वारा सर्व विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान व्यक्त किया गया। हम सभी उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे जहां भी जाएंगी, इसी लगन और निष्ठा से सेवा करती रहेंगी और अपनी कार्यप्रणाली से क्षेत्र में विशेष पहचान रखेंगी।



## जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीवनदीप समिति की अंतर्गत कार्यों एवं आय-व्यय पर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री व्यास ने निर्देशित किया कि जीवनदीप समिति के तहत कोई भी कार्य या भुगतान बिना विधिवत अनुमोदन के मान्य नहीं होगा।

उन्होंने गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में लाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिन को समिति की तरफ से 100 रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने मद्यपान कर डयूटी आने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने जिला अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों के ईलाज की सभी सुविधाएं यहां पर सुलभ हो ताकि उन्हें निजी अस्पताल में उपचार के लिए जाना ना पड़े।

# संकल्प कुनकुरी में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी के सभागार में परंपरानुसार शासन के निर्देशों का पालन करते हुए शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बेमताटोली की सरपंच श्रीमती कुंवारी भगत उपस्थित रहीं।उनके अलावा अन्य अतिथियों में उपसरपंच आलोक लकड़ा, पंच सुजीत बड़ा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीआर भगत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कक्षा नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को सभागार में आमंत्रित किया गया।अतिथियों के आगमन के पश्चात सरस्वती माता, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया।संस्था की छात्राओं ने अपने सुमधुर स्वर में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके पश्चात कक्षा नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका मुंह मीठा कराया गया तथा पाठ्यपुस्तकें दी गईं। विद्यालय के पुराने विद्यार्थियों ने नये बच्चों हेतु स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अपने स्वागत उद्बोधन में प्रभारी प्राचार्य अरविन्द मिश्रा ने अतिथियों एवं नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी कार्य की अच्छी शुरुआत उसके सकुशल पूर्ण होने का आधार होती है।



# ई-ऑफिस संचालन के लिए कार्यशाला



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी विभागों के कार्यों के तीव्र सम्पादन हेतु ई- ऑफिस को शासकीय कार्यों के लिए लागू किया जा रहा है। जिसके लिए जिले के समस्त विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस के क्रियान्वयन एवं सुचारू संचालन हेतु सभी विभागों एवं कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यशाला में सभी विभागों के पत्राचार एवं फाइलिंग की विधि को ई-ऑफिस के माध्यम से ऑनलाइन करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गयी। इस कार्यशाला में नोटशीट निर्माण, पत्राचार, ई फाइलिंग, फाइल निर्माण आदि के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि आगामी समय में सभी विभागों का कार्य संचालन ई ऑफिस के माध्यम से किया जाना है। जिससे विभागों की सम्पूर्ण प्रक्रियाओं में तेजी आएगी और कार्यकुशलता भी बढ़ेगी।

## खुली निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार विभाग की पोल

# पहली बारिश में धंसने के कगार पर निर्माणाधीन महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महादेवडांड़/जशपुर

छत्तीसगढ़ शासन और मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जिसमें नारी शक्ति के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। जहां महिलाएं एकत्रित होकर सकारात्मक विचारों का आदान प्रदान कर अपने को शसक्त बना सकें। लेकिन उनके सपनों पर तब पानी फिर जाता है जब जिम्मेदार विभाग और निर्माण एजेंसी अपनी भूमिका को निभाने में लापरवाही बरतते हुए असफल हो जाते है। कुछ दिनों पहले से जिले में मानसूनी बरसात की शुरुआत हुई है, और पहली बरसात में ही महादेवडांड़ में बनाने वाला महतारी सदन धंसने की कगार पर आ गया है। निर्माणाधीन महतारी सदन का भवन निर्माणाधीन स्थिति में ही पहली बारिश नहीं झेल पाया और दीवारों में दरार आ गई है, और पूरा ढांचा ही धराशाई होने की स्थिति में आ गया है।



धसक रहा महतारी सदन।

### क्या है शासन की महतारी सदन योजना

ग्राम पंचायतों की ग्रामीण महिलाओं को अपने सकारात्मक विचारों को एक दूसरे को आदान प्रदान करने के लिए एक स्थान दिया जा रहा है ताकि ग्रामीण महिलाएं एक दूसरे से प्रेरणा लेकर अपने को शसक्त बनाने के लिए कदम उठा सकें।

### क्या कहते है ग्रामीण

ग्रामीण सोमारू राम का कहना है कि सरकार गरीबों और महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं तो लाती है।लेकिन सरकारी अधिकारी कर्मचारी इन योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देते है।यहां बनाने वाला महातरी सदन का भवन बनाने से पहले ही धराशाई होने की स्थित में है। ग्रामीण महिला सुन्दरवती बाई का कहना है कि यही है सरकरी पैसे का बंदरबाट, हम महिलाओं के लिए बनाने वाला महतारी सदन बनाने के पहले ही गिरने की स्थिति में आ गया है, वो तो अच्छा है कि पहले ही गिरने लगा है बनाने के बाद अगर गिरता तो बहुत बड़ी घटना हो सकती थी।

### जिम्मेदार अधिकारी मौन

हमारे संवाददाता ने इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों से उनका मत जानने के लिए संपर्क करना चाहा तो कोई भी अधिकारी के फोन रिसीव नहीं करने के कारण उनका पक्ष नहीं जाना जा सका है।

### हाथियों ने तीन घरों में की तोड़फोड़, चट किया अनाज

**अम्बिकापुर।** बीती रात हाथियों ने वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम बरडांड में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने तीन घरों को ढहाने के साथ ही घर में रखा अनाज खा गए। मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में लम्बे समय से भ्रमण कर रहे हाथियों का दल पिछले एक पखवाड़े से मैनपाट के अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है तथा भोजन की तलाश में घरों में तोड़फोड़ मचा रहा है। बीती रात हाथियों का दल शाम ढलते ही ग्राम कंडराजा स्थित ग्रामीणों की कॉलोनी में घुस गया एवं पूरी रात घरों में तोड़फोड़ मचाता रहा। इस दौरान हाथियों ने तीन घरों को ढहा दिया तथा घर में रखा अनाज खा गए। हाथियों ने पिछले साल भी इन घरों को ढहा दिया था। बरसात का मौसम होने के कारण हाथियों की तोड़फोड़ से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हाथियों के कंडराजा की ओर अग्रसर होने की सूचना पर वन अमला पूर्व में ही पहुंच गया था तथा ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की सलाह दी थी।

### नवीन शिक्षा नीति के तहत डाइट में दिया गया प्रशिक्षण



**जशपुरनगर।** नई शिक्षा नीति 2020 के तहत एफएलएन मिशन के अंतर्गत डाइट में 19 से 24 जून तक आयोजित 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखंडों से आए कुल 72 बीआरजी (ब्लॉक रिसोर्स ग्रुप) सदस्यों ने हिस्सा लिया। 24 जून की शाम को हुए समापन समारोह में बीआरजी प्रतिभागियों ने पूरे प्रशिक्षण का सार प्रस्तुत किया। सभी विकासखंडों ने अपने अनुभव साझा किए और सीखी गई विधियों को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया। पूरे प्रशिक्षण के संचालन में उप प्राचार्य श्रीमती एसएस भोई की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने समापन सत्र में सभी का आभार व्यक्त किया। आरबी चौहान द्वारा सभी प्रतिभागियों के ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी। समापन में डाइट के सभी प्राध्यापक एवं व्याख्याता उपस्थित रहे।

4 लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए करते रहेंगे कामः चौधरी




## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट सफाई के लिए 25 तक निविदा

**रायगढ़।** कलेक्टोरेट कार्यालय के संयुक्त भवन के सभी कक्षों, सृजन सभाकक्ष एवं कार्यालय में स्थित सभी शौचालयों एवं कार्यालय परिसर की संपूर्ण साफ-सफाई रख.रखाव हेतु योग्य अनुभवी व्यक्ति से वार्षिक ठेका पर कार्य करने हेतु अनुबंध शर्तों के अधीन दो वर्ष अर्थात दिनांक 01 अगस्त से 31 जुलाई 2026 एवं 01 अगस्त 2026 से 31 जुलाई 2027 तक के लिए दिया जाना है, जिसके लिए बंद निविदा 25 जुलाई अपरान्ह 3 बजे तक निविदा मंगाए गए है। निविदा प्रपत्र शुल्क राशि जिला नाजिर कक्ष क्रमांक 47 में जमा कर रसीद प्राप्त कर कर सकते है। निविदा उसी दिन संध्या 5 बजे अतिरिक्त कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 4 में समिति के समक्ष खोली जाएगी।

### रायगढ़ ग्रेटर की नई कार्यकारिणी का गठन

**रायगढ़।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी शहर की सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर हर वर्ष नयी कार्यकारिणी का गठन कर सामाजिक सेवा के कार्यों में अपना बहुमूल्य योगदान देते हैं। 2024-25 कार्यकाल पूरा होने के बाद क्लब के सभी सदस्यों ने उच्च पदाधिकारियों के निर्देशानुसार 2025-2026 की नई कार्यकारिणी का गठन किया है। वहीं इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए शहर में रोटरी क्लब के संस्थापक रोटेरियन पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी ने बताया कि पदाधिकारियों की मीटिंग व आपसी सहमति से नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत आगामी 2025 .2026 के नवीन अध्यक्ष रोटेरियन मनीष जायसवाल, सचिव रोटेरियन नयन अग्रवाल व कोषाध्यक्ष रोटेरियन मनीष अग्रवाल होंगे। वहीं उन्होंने बताया कि आगामी 9 जुलाई को शाम 7:30 बजे से शहर के होटल ट्रिनिटी ग्रेंड में रोटरी क्लब के उच्च पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन होगा।

### जिले में 162.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 26 जून तक 162.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 32 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 117.3 मिली मीटर, पुसौर में 182.3, खरसिया में 133.8, घरघोड़ा में 181.4, तमनार में 96.1, लैलूंगा में 164.9, मुकडेगा में 201, धरमजयगढ़ में 144.9, छाल में 148.7 एवं कापू में 252.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## राशन वितरण पूरा करने में चार दिन ही शेष, खाद्य विभाग की बढ़ी चिंता

# सर्वर डाउन, गाड़ियों का टोटा, भंडारण में देरी
# 26 दिन में जिले में 85 प्रतिशत ही राशन वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन द्वारा एकमुश्त तीन माह का राशन बांटने के आदेश से खाद्य विभाग की परेशानी बढ़ गई है। राशन दुकानों में सर्वर डाउन, गाड़ियों की कमी होने से समय पर स्टॉक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे भंडारण में भी देरी हो रही है। यही कारण है कि 26 दिनों में सिर्फ 85 प्रतिशत ही राशन वितरण हो सका है, जबकि राशन वितरण का काम पूरा करने के लिए मात्र चार दिन ही शेष रह गए हैं, जिससे खाद्य विभाग चिंतित नजर आ रहा है।

दरअसल शासन द्वारा खाद्य विभाग को जून माह में एक साथ जून, जुलाई और अगस्त का राशन बांटने आदेशित किया गया है। ऐसे में खाद्य विभाग द्वारा शासन के आदेश को कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। उचित मूल्य की दुकानों में 1 जून से ही राशन लेने हितग्राहियों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन यहां कुछ व्यवहारिक परेशानियां आ रही है। लोड बढ़ने से लगभग सभी दुकानों में सर्वर डाउन हो रहा है। सर्वर नहीं रहने से विरतण का काम अटक रहा है। वहीं अगर सर्वर रहे भी तो काफी स्लो चल रहा है। जिससे एक हितग्राही के पीछे करीब 20 मिनट का समय लग रहा है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नेटवर्क की कमी है वहां तो एक हितग्राही को राशन देने में आधा घंटा से अधिक का समय लग रहा है। क्योंकि हितग्राहियों को तीन बार थंब लगाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं पहले जहां राशन दुकानों में एक दिन में 100 से 150 कार्ड को कवर कर लिया जाता था, वहीं अब 50 से 60 कार्ड ही कवर हो पा रहे हैं। इसके अलावा नॉन से पूरे जिले में राशन की सप्लाई की जा रही है, लेकिन वाहन की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है। जिससे जिन दुकानों में जिस दिन चावल का स्टॉक पहुंचना है, उस दिन न पहुंच कर तीन से चार दिन बाद पहुंच रहा है। जबकि एक राशन दुकान में भंडारण की जितनी कैपिसिटी है उतना ही भर रहा है, इसलिए एक दुकान में तीन से चार बार स्टॉक पहुंचाना पड़ रहा है, जिससे भंडारण में देरी हो रही है और स्टॉक खत्म होने से विरतण भी समय पर नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि अब तक जिले में 84.56 प्रतिशत ही राशन का वितरण हो पाया है।



जिले में अब तक 84.56 प्रतिशत राशन का वितरण हुआ है। हमें हर हाल में शतप्रतिशत विरतण कम्प्लीट कराना है। लोड बढ़ने से सर्वर डाउन की परेशानी आ रही है, इसके अलावा गाड़ियों की कमी होने से भंडारण में भी देरी हो रही है। हमारा प्रयास है कि 30 जून तक वितरण का काम पूरा हो जाए, अगर नहीं हुआ तो डेट बढ़ाने के लिए शासन को चिट्ठी लिखेंगे।

**सीएम सिदार**
सहायक खाद्य अधिकारी, रायगढ़

### इसलिए एक साथ दे रहे तीन माह का राशन

शासन द्वारा तीन महीने का राशन एक साथ वितरण करने का मुख्य कारण बरसात के मौसम में राशन की आपूर्ति में आने वाली समस्याओं को दूर करना है, ताकि लोगों को राशन के लिए परेशान न होना पड़े। यह निर्णय गरीब परिवारों को भूखमरी से बचाने और मानसून के दौरान राशन प्राप्त करने में आसानी प्रदान करने के लिए लिया गया है। बरसात के मौसम में सड़कों की स्थिति खराब होने और जलभराव के कारण पीडीएस दुकानों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। एक साथ राशन मिलने से लोगों को इस परेशानी से निजात मिलेगी।

### दुकानों के बाहर लग रही लंबी कतार

पहले हितग्राही आराम से राशन लेने जाते थे, क्योंकि एक माह का राशन लेने में उन्हें ज्यादा परेशानी नहीं होती थी, लेकिन वर्तमान में उन्हें तीन माह का राशन एक साथ लेना है और नहीं लेने पर राशन लैप्स हो जाने का डर भी सता रहा है, इस वजह से सुबह से ही राशन दुकान के सामने हितग्राहियों की लंबी कतार लगी रहती है। कई बार सर्वर डाउन होने से उनका काम नहीं हो पाता तो हितग्राही दुकान संचालक से ही उलझते नजर आते हैं।

### टारगेट पूरा करने देर शाम तक खोल रहे दुकान

पहले शासकीय राशन दुकान खोलने का कोई निर्धारित समय नहीं होता था। दुकान संचालक सुबह अपने हिसाब से दुकान खोल कर दोपहर 12 बजे तक बंद कर देते थे, लेकिन अब उन पर भी दबाव बढ़ गया है। ऐसे में अब सुबह 8 बजे से देर शाम 7 बजे तक दुकान खोला जा रहा है, ताकि 30 जून तक किसी भी हाल में टारगेट पूरा हो सके, लेकिन इन व्यवहारिक परेशानियों के चलते उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है।

### जिले में कहां कितना प्रतिशत हुआ राशन का वितरण

| ब्लॉक | नगरीय क्षेत्र | ग्रामीण क्षेत्र |
|---|---|---|
| धरमजयगढ़ | 82.20% | 87.57% |
| घरघोड़ा | 68.24% | 80.69% |
| खरसिया | 72.33% | 86.66% |
| किरोड़ीमल | 91.41% | |
| लैलूंगा | 75.60% | 76.93% |
| पुसौर | 86.16% | 88.40% |
| रायगढ़ | 81.17% | 86.74% |
| तमनार | 87.71% | |
| टोटल | 84.56% | |

### बारिश में लोडिंग की समस्या

वर्तमान में मानसून ने दस्तक दे दी है, ऐसे में बारिश में चावल लोडिंग में भी समस्या आ रही है। मौसम को देखते हुए काम किया जा रहा है। अगर बारिश में चावल भीग जाए तो शतप्रतिशत खराब होने की आशंका बनी रहती है, इस वजह से भी भंडारण में देरी हो रही है।

# कपड़ा व्यवसायी के घर से 40 लाख के सोने की बिस्किट व नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में एक कपड़ा व्यवसायी के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए आलमारी में रखे 40 लाख के 4 सोने की बिस्किट सहित नगदी 3 लाख 40 हजार रुपए को पार कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार अतिथि बुटिक भवन कोतरा में रहने वाले अनूप अग्रवाल (55) कपड़ा व्यवसायी हैं। 22 जून को वो अपनी पत्नी श्यामा अग्रवाल के साथ किसी काम के सिलसिले में रायगढ़ से बाहर गए थे। इस दौरान उनका बेटा आदित्य अग्रवाल घर पर था। बताया जा रहा है कि जब वे कभी बाहर जाते थे तो आदित्य अपने साथी पंडित धीरज के साथ घर पर रहता था। इसी रात आदित्य व धीरज रात में पिज्जा व कोल्डड्रींग मंगाकर खाए और सो गए। उनके यहां काम करने वाले गणेश बसोड़ व राहुल बसोड़ और नौकरानी रेखा महंत भी रात में नहीं थे। सोमवार की सुबह धीरज सो कर उठा और वापस अपने घर चले गया। अगले दिन आदित्य की तबीयत सही नहीं लग रही थी तो उसे शाम को डॉक्टर को दिखाया गया। फिर मंगलवार को आदित्य को अपने माता-पिता को कार से लेने के लिए झारसुगुड़ा एयरपोर्ट जाना था। ऐसे में जब वह किसी काम से अपने घर के दूसरे मंजिल के कमरे में गया तो देखा कि आलमारी में रखे 4 सोने के बिस्किट गायब थे। रात में उसके माता पिता दोनों वापस रायगढ़ आ गए। जिसके बाद उसने अपने माता पिता को इसकी जानकारी दी। बुधवार की दोपहर को अनूप करीब ढाई बजे अपने घर के नीचे बने ऑफिस में गए जो उन्होंने देखा कि यहां भी अलमारी का गेट खुला था और उसमें रखे 3 लाख 40 हजार रुपए सिहत दो पुरानी अंगूठी भी गायब थे।

**खास बात**

- कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस



### सीसीटीवी का डीवीआर भी साथ ले गए आरोपी

अनूप की पत्नी घर में ही नीचे तल में अतिथि बूटिक चलाती हैं। ऐसे में अनूप व उसके परिजन यहां लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक करने पहुंचे तो देखा कि अज्ञात आरोपी सीसीटीवी का डीबीआर व पीओई को भी साथ ले गए थे। इसके बाद अनूप ने कोतवाली थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया।

# भाई ने बहन पर कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट

**रायगढ़।** जिले के लैलूंगा थाना अंतर्गत राताखंड गांव से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जहां विवाद के चलते एक युवक ने अपनी बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। वहीं बीच-बचाव करने आई मां पर भी आरोपी ने हमला किया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गईं। फिलहाल पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतका उर्मिला राठिया की शादी पोरडा गांव में हुई थी, लेकिन पति की मौत के बाद वह मायके आकर रहने लगी थी। यह बात उसके सगे भाई संतकुमार मांझी को नागवार गुजर रही थी और अक्सर दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। बुधवार सुबह एक बार फिर दोनों के बीच विवाद बढ़ा, जिसके बाद आरोपी ने बहन पर लात-घूंसों से हमला किया और फिर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना की शोरगुल सुनकर मां बचाव के लिए दौड़ीं, लेकिन आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया। बेटी की लाश के पास मां बेहोश होकर गिर पड़ीं। घटना की सूचना मिलते ही लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को मौके से ही हिरासत में ले लिया गया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।









## राजपरिवार द्वारा किया जाएगा पहंडी कार्यक्रम

# नेत्रोत्सव में महाप्रभु का श्रृंगार ,आज होंगे रथारुढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

शहर के राजापारा स्थित जगन्नाथ मंदिर में गुरुवार को नेत्रोत्सव के अवसर पर महाप्रभु जगन्नाथ का श्रृंगार किया गया। अस्वस्थ रहने के 15 दिनों बाद दोपहर 12 बजे जगन्नाथ मंदिर के पट खुल गए और भगवान का नवयौवन श्रृंगार वेश के दर्शन हुए।

इसके बाद भगवान को महाभोग अर्पित कर आरती की गई। शुक्रवार की शाम 4 बजे भगवान का पहंडी कार्यक्रम है। जिसमें रायगढ़ राजपरिवार भगवान के सामने बुहार कर जल छिड़काव करते हुए युवा ब्राम्हण परंपरागत परिधान पहनकर भगवान को रथारुढ करेंगे। इस दिन रथ समलेश्वरी मंदिर के सामने ही रहेगा और अगले दिन संध्याकाल 4 बजे रथ नगर भ्रमण करते हुए गांजा चौक महाप्रभु के मौसी घर तक पहुंचेगी। नेत्रोत्सव पर मंदिर के पट विशेष पूजा-अर्चना के बाद शुभ मुहुर्त में खोले गए। इसके बाद विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ का नेत्रोत्सव संस्कार कराया गया। जिसमें भगवान को विभिन्न औषधियों का सेवन कराने के बाद नेत्रों में काजल लगा कर, पाट वस्त पहना कर श्रृंगार किया गया। इसके बाद भगवान की आरती और 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। नेत्रोत्सव में भगवान के नयन खुलने पर सबसे पहले करीब 100 नन्हे-नन्हे बच्चों ने जय जगन्नाथ के जयकारों के साथ भगवान का दर्शन किया।



### शनिवार को भगवान करेंगे नगर भ्रमण

शुक्रवार को रथयात्रा के अवसर पर महाप्रभु जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर आरूढ़ होकर अपनी मौसी रानी गुंडिचा देवी के यहां जाने के लिए निकलेंगे। इस दिन रायगढ़ राजपरिवार द्वारा भगवान के पहंडी कार्यक्रम का शुभारंभ रथ के आगे झाडू से बुहार कर किया जाएगा। साथ ही राजमहल के सामने उत्कलिका (महिला समूह) द्वारा आनंद पाक मेला का आयोजन किया जाएगा। शनिवार की शाम रायगढ़ के परम्परा अनुसार भगवान अपने भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। इस दिन महाप्रभु का रथ महल प्रांगण से निकल कर मौसी घर जाएगा। जहां से भगवान के श्री विग्रहों को मान्यता स्वरूप गुंडिचा मंदिर में रखा जाएगा। वहां महाप्रभु 7 दिनों तक रहेंगे।

### सात दिन बाद लौटेंगे मंदिर

एक सप्ताह बाद 5 जुलाई शनिवार की शाम 4 बजे भगवान श्री जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मौसी घर से रथारूढ़ होकर वापस अपने मंदिर में आएंगे, जहां उत्कलिका मातृशक्ति द्वारा महाआरती कर उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद रविवार को ऐतिहासिक मंदिर में महाप्रभु अपने बड़े भाई बलभद्र और सुभद्रा के साथ पूर्ण राजकीय भेष में अपने सभी स्वर्ण आभूषणों व आयुधों से अंलकृत होकर मंदिर प्रांगण में दर्शन देंगे। इस दिन महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए रसगुल्ले का भोग लगाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### हायर सेकेंडरी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम

**घरघोड़ा।** औराईमुड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय परिवार द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर हर सदस्य ने एक एक पेड़ परिसर में रोपित किया। यहां पेड़ से साथ फूल के पौधे भी रोपित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्यों ने कहा कि वे कहीं भी रहें, अपनी तरफ से पेड़ को सुरक्षित रखने का पूरा प्रयास करेंगे। पौधरोपण के दौरान स्कूल से संतोष पाण्डेय, सुशील पटेल, रुद्रप्रताप पुजारी, विजया पंडा, फागू लाल रात्रे, सीता नायक, जगतराम वारे, प्रतिभा सिंह, नम्रता गुप्ता, अजय कुमार, गौकर्ण दास वैष्णव, राकेश बघेल, अशोक सूर्यवंशी, हरेंद्र साव, उपस्थित थे।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए 25 दिव्यांग चिन्हांकित

**सारंगढ़।** सारंगढ़ के जिला चिकित्सालय में बुधवार को मेडिकल बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। इसमें नागरिकों ने चेकअप कराया, जिसमें 25 दिव्यांग प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड के लिए चिन्हित हुए हैं। वहीं 8 व्यक्तियों का सामान्य जांच किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक बुधवार को जिला अस्पताल सारंगढ़ में मेडिकल बोर्ड का आयोजन किया जाता है। दिव्यांग सहित सामान्य नागरिकों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम शिविर लगाकर सेवा देते हैं।

### आपसी मतभेद दूर करने हर घर सुंदरकांड पाठ



**पुसौर।** समाज में छोटी छोटी बातों को लेकर मतभेद और वैमनस्य को दूर करने के लिए पुसौर में एक अनूठी पहल की जा रही है। असल में पुसौर के नवोदित श्रीराम युवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के आग्रह पर सुन्दरकांठ का पाठ किए जाने की बीडा उठाया गया है। समिति की मंशा है कि एक साथ बैठने, भजन करने, व प्रसाद पाने से जहां आपसी संवाद बढता है वहीं मतभेद भी दूर होते हैं। यह आयोजन प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को किसी एक श्रद्धालु के घर होता है। इस कार्यक्रम की शुरूआत नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव के घर हुई। श्रीराम युवा समिति सनातन धर्म के प्रत्येक तीज त्यौहार को बडे उत्साह के साथ मनाती है। जिसके कारण छोटे छोटे बच्चे अब गायत्री मंत्र, भोजन मंत्र, कंठस्थ कर चुके हैं। समिति में प्रमुख रूप से आशीष महाणा, बलराम महाणा, उमेश साव, मनोज महाणा सुमंत साव मोहित स्वर्णकार, आलोक साव, अभिषेक महाणा, मनोज दास, मनोज साव, अश्विनी दास, राजेश प्रधान, विष्णु महाणा सहित अन्य महिला व पुरूष श्रद्धालु शामिल हैं।

### कलेक्टर ने विभिन्न विभागों का किया समीक्षा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में सुबह से शाम तक निरंतर एक के बाद राजस्वए पंचायत, निर्माण एजेंसी,महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास, कृषि,उद्यान, पशुधन, मत्स्य, रेशम विभागों का समीक्षा बैठक लिया गया। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने सभी विभागों के लापरवाह मैदानी अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने पटवारियों को कहा कि राज्य शासन के सभी योजनाओं का लाभ दिलाने में पटवारी अपनी भूमिका का निर्वहन अच्छे से करें। कलेक्टर ने बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती आदि कार्य में संतोषजनक कार्य नहीं किए, ऐसे बिलाईगढ़ ब्लॉक के तीनों तहसीलो के 3.3 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन पीएम आवास के प्रगति का समीक्षा करते हुए कहा कि समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करें। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिस गांव में नल जल चालू है।

1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यो का किया शिलान्यास

# लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए करते रहेंगे कामः चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य अतिथ्य में तमनार में पशुधन विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय पशु मेला, उत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि वे जब तक राजनीति में रहेंगे, वे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए कार्य करेंगे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए 1 करोड़ 37 हजार रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में उन्होंने पशुपालकों को सम्मानित करने के साथ ही तेन्दुपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित किए।

वित्त मंत्री चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के दूध उत्पादक पशुपालक सम्मिलित हुए हैं। वे बहुत अच्छे तरीके से गौ पालन कर रहे है। उनको बहुत बहुत बधाई। गौ पालकों को किसी भी प्रकार की जरुरत होगी, हमारी सरकार गौ पालकों के साथ खड़ी है। हमारे पशुपालक अच्छी ब्रीड के पशुधन का पालन कर एक अच्छा संदेश दे रहे है, कि किस प्रकार पशुधन से आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है तब से लोगों के आर्थिक स्तर में सुधार की दिशा में कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहक के लिए समर्थन मूल्य में वृद्धि कर 4 हजार से 5 हजार 500 किया गया। वही तेंदूपत्ता संग्राहक दीदी बहनों के लिए चरण पादुका योजना की शुरुआत भी की है।

सरकार के बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में धान का बकाया बोनस वितरण करने के साथ ही धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए कर प्रति एकड़ 15 क्विंटल से बढ़ाकर 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई। पीएम आवास एक महत्वपूर्ण योजना है हमारी सरकार ने 18 लाख गरीबों के रुके हुए पीएम आवास को स्वीकृति देकर मकान निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। आज प्रत्येक गांव में पीएम आवास के कार्य हो रहे है। वही लगातार पीएम आवास के बजट में वृद्धि हो रही है जिससे अधिक से अधिक लोग पीएम आवास से लाभान्वित हो रहे है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि तमनार ब्लाक में लगभग 8 हजार 400 आवास स्वीकृत हुए है।





### 1 करोड से अधिक के कार्यों का शिलान्यास

वित्त मंत्री ने तमनार में 1 करोड 37 हजार के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। जिसमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल तमनार में 30 लाख 52 हजार रूपए की लागत से चार अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 03 एवं 05 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत तमनार में सामुदायिक भवन, 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत उरबा में सामुदायिक भवन, 12 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत महलोई में नवीन ग्राम पंचायत भवन प्री मै बालक छात्रावास हमीरपुर में 11 लाख 39 हजार रूपए की लागत से अहाता निर्माण एवं 8 लाख रूपए की लागत से अधीक्षक आवास निर्माण 8 लाख रूपए की लागत से आदिवासी कन्या आश्रम सराईपाली में अधीक्षक आवास 6 लाख 23 हजार रूपए की लागत से प्री मै बालक छात्रावास में तमनार में किचन शेड निर्माण एवं 6 लाख 23 हजार रूपए की लागत से प्री मै बालक छात्रावास धौराभांठा मे किचन शेड निर्माण का शिलान्यास किया।

### हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों लाभान्वित किया। उन्होंने तेंदूपत्ता संग्रहक कीर्तिलाल राठिया, श्रीधर राठिया एवं भुवनेश्वर पटेल को डमी चेक वितरण किया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही बोधीराम, सरस्वती, ममता, लक्ष्मीनदास एवं सुशीला को आवास पूर्ण होने पर चाबी सौंपी। वहीं कान्ता साहू, तीजमती राठिया, चन्द्रकला राठिया, सोनकुंवर राठिया, पुतलीबाई, अम्बिका साहू, बाल कुमारी, राजकुमारी, बुधवारो, महेश्वरी एवं गुरूवारी को चरण पादुका प्रदान किया गया।

### सम्मानित हुए पशु पालक स्वास्थ्य शिविर भी लगा

पशुधन विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पशुपालकों को सम्मानित किया। इस दौरान दुधारू गाय वर्ग में ग्राम झरना के पशुपालक मकरध्वज, ग्राम देवगांव के रोहित एवं तमनार के गोरेलाल साहू को सम्मानित किया। इसी प्रकार संकर बछिया वर्ग में सरसमाल के पशुपालक शंभू लाल, ग्राम गोढ़ी के पदमसिंह सिदार एवं तमनार के केशर को स्वस्थ बछड़ा एवं बछिया वर्ग में समकेरा के मिलन, ग्राम महलोई के पद्मलोचन राठिया एवं समकेरा के दीनबंधु को। बैल जोड़ी एवं भैंसा वर्ग में महलोई के विद्याधर भगत एवं शनिराम को। मुर्गीपालन एवं बतख वर्ग में सामारूमा के मधुसुदन उत्तरेगांव के प्रहलाद सिदार एवं तमनार के राजकुमार मांझी को। इसी प्रकार बकरा बकरी एवं भेड़ में उत्तरेगांव के राहुल देव, मिलूपारा के मुरली चौधरी एवं लालपुर के डमरूधर को क्रमशः सम्मानित हुए। इस दौरान ओपी चौधरी ने विभागीय पशु प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने प्रदर्शनी में पशुधन, बछड़ा, कुटकुट के किस्म एवं गुणवत्ता की जानकारी ली साथ ही पशुपालकों का उत्साहवर्धन किया।



# कोल ब्लॉक के लिए पेड़ों की कटाई विरोध पर विधायक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार ब्लाक के ग्राम मुड़ागांव में कोल ब्लॉक के लिए पेड़ों की कटाई का विरोध कर रहे करीब लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में पूर्व मंत्री सत्यनारायण राठिया और लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर फॉरेस्ट के रेस्ट हाउस में रखा है। इधर पेड़ों की कटाई को लेकर ग्रामीणों का विरोध जारी है और पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है।

■ पुलिस छावनी में तब्दील हुआ गांव, क्षेत्र में तनाव का माहौल

दरअसल तमनार ब्लाक के ग्राम मुड़ागांव में महाजेंको को कोल ब्लॉक का आवंटन किया गया है। एमडीओ के तहत उत्खनन का काम अडानी कंपनी कर रही है। गुरुवार को मुड़ागांव में प्रशासन की मौजूदगी में पेड़ों की कटाई शुरू हुई जिसका ग्रामीण विरोध करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में ऐसे ही जंगल कम हो रहे हैं और कोल ब्लॉक के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। प्रशासन के द्वारा पेड़ों की वास्तविक संख्या कम बताई जा रही है जबकि वास्तव में अधिक पेड़ों की कटाई की जा रही है। उन्होंने पेड़ों की कटाई को रोकने कोर्ट में भी याचिका लगाई है, लेकिन सुनवाई से पहले ही अचानक पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई। ग्रामीणों के विरोध की जानकारी मिलने पर लैलूंगा विधायक विद्यावति सिदार, पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया भी मौके पर पहुंचे और पेड़ों की कटाई का विरोध करने लगे। विरोध को देखते हुए आखिरकार पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा और पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया विधायक, विद्यावती सिदार सहित करीब 100 से अधिक ग्रामीणों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### विरोध पर उतरी कांग्रेस

मामले को लेकर कांग्रेस भी विरोध पर उतर आई है। कांग्रेस का कहना है कि एक और सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान चला रही है और दूसरी और वर्षों पुराने पेड़ काटे जा रहे हैं। कांग्रेस, सरकार की इस नीति का विरोध करती है। उद्योगों के नाम पर हजारों पेड़ों की कटाई कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

# जेपीएल तमनार में विद्युत सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ





**तमनार।** जेपीएल तमनार में इलेक्ट्रिकल विभाग द्वारा विद्युत सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 26 जून से 2 जुलाई तक किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक विभाग द्वारा आयोजित किए गए विद्युत सुरक्षा सप्ताह में इस वर्ष का थीम सुरक्षित ऊर्जा सुरक्षित राष्ट्र और विद्युत सुरक्षा गैर समझौता के तहत विद्युत सुरक्षा संबंधी सामान्य सावधानियों के बारे में जेपीएल अधिकारी कर्मचारियों व ठेका कर्मचारियों को जागरूक करते शून्य दुर्घटना लक्ष्य पाने सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इलेक्ट्रिकल विभाग द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के बाद विद्युत सुरक्षा के महत्व और सुरक्षित विद्युत उपयोग के बारे में देते विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि जेपीएल तमनार के प्लांट हेड गजेंद्र रावत द्वारा सुरक्षा झण्डा रोहण किया गया। विमल कुमार द्वारा सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाया गया। प्लांट हेड गजेंद्र रावत ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को विद्युत सुरक्षा सप्ताह शुभारंभ पर प्रोत्साहित करते कहाकि कोई भी कार्य करने से पहले पाट्र्स की जांच एवं जानकारी आवश्यक है। प्लांट हमारा मंदिर है प्रोसेस सेफ्टी में परमिट एवं कार्य मे सावधानी बरतें। हर दिन अपने वर्क पैलेस को सुव्यवस्थित तरीके से रखकर कार्य कर शून्य दुर्घटना लक्ष्य प्राप्त करना है। विद्युत सुरक्षा सप्ताह जागरूकता के साथ हमेशा हर दिन हर कार्य सुरक्षित करने सुनिश्चित करें। जीवन मे 24 घण्टा सुरक्षित रहना है। हम सभी के लिए घरेलू व संयंत्र में विद्युत सुरक्षा सावधानी अति आवश्यक है।



### स्वच्छता दीदियों को रेनकोट वितरण

**सरिया।** बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए सरिया नगर पंचायत प्रशासन ने गुरुवार को स्वच्छता दीदियों तथा सफाई मित्रों के लिए विशेष पहल की। वर्षा के बीच कर्मियों के स्वास्थ्य और कार्य में निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पंचायत सरिया की ओर से सभी सफाई कर्मियों को रेनकोट को उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि बारिश के कारण सफाई कर्मियों के भीग जाने से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिससे सफाई व्यवस्था बाधित हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए रेनकोट वितरण किया गया। ताकि सभी कुर्मी सुरक्षित रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस पहल से नगर की स्वच्छता व्यवस्था बरसात में भी सुचारू रूप से जारी रहेगी।

# चंद्रपुर में नहीं थम रही निजी स्कूलों की मनमानी, स्कूलों में ही लग रही दुकान




**चंद्रपुर।** चंद्रपुर के निजी स्कूलों में यूनिफॉर्म और पुस्तकों की बिक्री में अभिभावकों का शोषण एक गंभीर मुद्दा बन गया है। निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर मनमाने दामों पर निजी दुकानों से खरीदारी का दबाव डाला जा रहा है, जिससे उनकी जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है। हालांकि इस मामले में प्रशासन ने जांच कमेटी गठित की। लेकिन जांच प्रक्रिया में कई खामियां सामने आई हैं। जांच केवल औपचारिकता तक सीमित रही और पुस्तकों व यूनिफॉर्म के भंडारण स्थल की कोई जांच नहीं की गई। इससे निजी दुकानों में आज भी मनमानी कीमतों पर बिक्री जारी है। अभिभावकों का गुस्सा तब और बढ़ गया जब यह सामने आया कि कई परिवारों ने अपने बच्चों के लिए पहले ही महंगी पुस्तकें और यूनिफॉर्म खरीद लिए हैं। सवाल उठता है कि क्या स्कूल प्रबंधन इन अभिभावकों को उनके पैसे वापस करेगा या यह मामला प्रशासन की उदासीनता के कारण ठंडे बस्ते में चला जाएगा। अभिभावकों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल कड़े कदम उठाए। निजी दुकानों से यूनिफॉर्म और पुस्तकों की बिक्री पर पूर्ण रोक लगाई जाए और इन्हें सभी दुकानों में उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने का आदेश जारी किया जाए। साथ ही स्कूलों को उन अभिभावकों को मुआवजा देने का निर्देश दिया जाए जिन्होंने पहले ही महंगे दामों पर सामान खरीदा है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है स्कूल यूनिफार्म और पुस्तक कॉपियां उनके निजी दुकानों में ही मिलेगी या। चंद्रपुर के सभी दुकानों में उपलब्ध रहेगी क्या वे अभिभावकों की मांगों को सुनेंगे और निजी स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### बीईओ को मिला था जांच का जिम्मा

विकास खंड शिक्षा अधिकारी एसएल वारे और सेजेस चंद्रपुर के प्राचार्य विश्वनाथ जायसवाल को 25 जून को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच के संबंध में विश्वनाथ जायसवाल ने बताया कि जांच प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है और दो स्थानों पर जांच बाकी है। हालांकि उनका यह कथन शासन के आदेश की अवहेलना दर्शाता है। जांच आदेश के दिन जांच पूरी न करना और पुस्तक भंडार जैसे महत्वपूर्ण स्थानों की जांच में देरी ने कई सवाल खड़े किए हैं। सूत्रों का मानना है कि यह किसी को बचाने का प्रयास हो सकता है। जांच प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# टिनमिनि में लगा आयुष स्वास्थ्य मेला 510 मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

छत्तीसगढ़ शासन आयुष संचालनालय रायपुर के निर्देश और जिला आयुष अधिकारी डॉ गौराहा के मार्गदर्शन में पुसौर विकासखंड के टिनमिनि गांव में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व डॉ अजय नायक ने किया।

मेला का शुभारंभ टिनमिनि की सरपंच श्रीमती कुंती सक्रजित भोई, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, भाजपा पदाधिकारी त्रिनाथ गुप्ता, विजय गुप्ता, घनश्याम पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भगवान धनवंतरी की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सभी अतिथियों ने अपने वक्तव्यों में आयुर्वेदिक चिकित्सा की उपयोगिता और इसके बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ देवाशीष चौधरी ने बताया कि मेला का उद्देश्य आमजन तक आयुर्वेद पद्धति की प्रभावशीलता पहुंचाना है जिससे लोग पुराने और जटिल रोगों से मुक्ति पा सकें। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ अजय नायक, डॉ देबाशिष राय चौधरी, डॉ नरसिंह पटेल, डॉ गजानन पटेल, डॉ गगन पटेल, डॉ जागृति पटेल, डॉ अनुराधा सिंह, फार्मासिस्ट भोज मालाकार, नीलकंठ, दुष्यंत, शैलेश, शिव, राजेश साव, डोल नारायण मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए डॉ अजय नायक ने समस्त ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के समस्त सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।




### शिविर में कुल उपचार

*420 मरीजों को आयुर्वेद पद्धति से उपचार
* 90 मरीजों को होम्योपैथी चिकित्सा सेवा
*135 लोगों का रक्त परीक्षण
* 7 प्रकार के जागरूकता पंपलेट का वितरण मधुमेह हाई ब्लड प्रेशर, योग, जीवनशैली आदि पर।

### मेले में इन बीमारियों का इलाज किया गया

1 संधिवात, चर्मरोग, ज्वर, कास, श्वास, प्रतिश्याय,
2 उदर रोग, दुर्बलता, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अर्शए स्त्री रोग आदि।
3 उपचार विधियों में आयुर्वेद की पारंपरिक चिकित्सा जैसे स्नेहन, स्वेदन, वमन, विरेचन, जानु बस्ती, कटी बस्तीए रक्तमोक्षण, अग्निकर्म, जालौका थेरपी का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया।

### रथयात्रा पर स्थानीय अवकाश

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने रथयात्रा के अवसर पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ संपूर्ण जिला में शुक्रवार 27 जून को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। इस दौरान कोषालय, उप कोषालय और बैंक को छोड़कर शेष सभी कार्यालय, स्कूल कॉलेज बंद रहेंगे।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

कोर्स स्पॉट काउंसलिंग
•DMLT- डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
•MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
•EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
•OT टेक्नीशियन
•डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजरपोस्ट
•ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन असिस्टेंस
•ड्रेसर • डिप्लोमा इन डेंटल असिस्टेंस
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए नर्सिंग में एक/द्वि वर्षीय कोर्स
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम
योग्यता 10वीं एवं 12वीं
सीमित सीट उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
रजनीश बुक डिपो सामने, केरा रोड, तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) मो. 8770638375, 9399743304